मैं टी20 की आलोचना नहीं कर रहा लेकिन यह मेरा खेल नहीं है। हां, यह यहां है और यहां रहेगा। यह रोमांचक है और इसमें मजा भी है। जब आप किसी खेल में जाते हैं, तो आप आनंद लेना चाहते हैं। हां, यह देखना अच्छा है लेकिन यह ऐसा मुकाबला नहीं है जिसे मैं नियमित रूप से देखता हूं।" **-गॉर्डन ग्रीनिज**

वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर, टी-20 क्रिकेट को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **कैरोलिनी मारिन**

करियर को खतरे में डालने वाली दो बार घुटने की चोट किसी भी खिलाड़ी का हौसला तोड़ सकती है लेकिन ओलंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन ने 'दर्द को स्वीकार' किया और हार मानने के बजाय संघर्ष करने का फैसला किया। ओलंपिक, विश्व और यूरोपीय चैंपियन मारिन को जनवरी में 2019 इंडोनेशियाई मास्टर्स फाइनल के दौरान अपने दाहिने घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2020 में वापसी की और तोक्यो खेलों की तैयारी कर रही थी जब उन्हें एक और एसीएल का सामना करना पड़ा।

क्या आप जानते हैं ?... प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

फ्रांस ने रोमांचक मुकाबले में द. अफ्रीका को हराया

भुवनेश्वर, 16 जनवरी। फ्रांस ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-ए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं।

कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विक्टर शारलेट ने सातवें मिनट में फ्रांस का पहला गोल किया, जबकि कॉनर ब्यूचैंप ने 15वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका के लिये गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई, लेकिन विक्टर ने आखिरकार 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल जमाकर फ्रांस को जीत दिलाई। फ्रांस दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ पूल-ए में तीसरे स्थान पर आ गया, जबकि दक्षिण अफ्रीका दोनों मुकाबले हारने के कारण चौथे पायदान पर पहुंच गया है।

अपने पिछले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से 0-8 से हारने वाली फ्रांस को क्वार्टरफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये यहां हर हाल में जीत की जरूरत थी। वह छठे मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल करने से चूके लेकिन सातवें मिनट में विक्टर ने पेनल्टी पर गोल दागकर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। फ्रांस की मुश्किलें तब बढ़ीं जब दक्षिण अफ्रीका ने पहला क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले रेफरल पर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और कॉनर ने उसे गोल में तब्दील कर दिया।

दूसरे और तीसरे क्वार्टर में फ्रांस ने चार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। दोनों ही टीमें हालांकि इन पर गोल नहीं कर सकीं। इस रोमांचक मुकाबले का निर्णायक पल मैच खत्म होने से चार मिनट पहले आया, जब फ्रांस ने दक्षिण अफ्रीका के अर्द्ध में प्रवेश करके पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। विक्टर ने इस मौके का पूरा-पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को नेट में दाग दिया और फ्रांस को आखिरी मिनटों में बहुमूल्य बढ़त दिला दी। दक्षिण अफ्रीका ने इसके बाद गोलकीपर को हटाकर एक अतिरिक्त खिलाड़ी को फॉरवर्ड पंक्ति में उतारा, हालांकि वह इस कोशिश को परिणाम में नहीं बदल सके और फ्रांस ने मुकाबला 2-1 से जीत लिया।

नीदरलैंड ने न्यूजीलैंड को 4-0 से रौंदा

राउरकेला, 16 जनवरी। नीदरलैंड ने कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के ग्रुप-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4-0 से रौंद दिया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में ब्रिंकमैन (दूसरा, 12वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि बिजेन कोएन (19वां) और होडमेकर्स जेप (54वां मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

अपने पहले मुकाबले में चिली को 3-1 से हराने वाली न्यूजीलैंड के पास तीन बार की विजेता नीदरलैंड के हमलों का कोई जवाब नहीं था। डच टीम के कप्तान ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल करके टीम का आक्रामक रवैया साफ कर दिया। न्यूजीलैंड चौथे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सका, जबकि उनके कोच ग्रेग निकोल ने फॉरवर्ड पंक्ति में एक और खिलाड़ी बढ़ाने के इरादे से कुछ देर के लिये गोलकीपर को पिच से हटा लिया। ब्रिंकमैन ने इसका फायदा उठाया और 12वें मिनट में गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी कर दी।

दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में कोएन ने नीदरलैंड का तीसरा गोल किया, हालांकि इस क्वार्टर में न्यूजीलैंड ने अपने गोलकीपर को वापस बुला लिया और मजबूत विपक्ष को कुछ देर के लिये शांत रखा। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल न होने के बाद जेप ने चौथे क्वार्टर में स्कोर किया। जस्टिन ब्लोक के पास आखिरी क्षणों में पांचवां गोल करने का मौका था, हालांकि उनका प्रयास गोल के पास से निकल गया और स्कोर 4-0 ही रहा। नीदरलैंड ने दो मैचों में दो विजय हासिल कर पूल-सी में पहला स्थान हासिल कर लिया है, जबकि दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है।

ऑस्ट्रेलिया ओपन : जैक के जोश पर नडाल का अनुभव पड़ा भारी

मेलबर्न, 16 जनवरी। आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब को बरकरार रखने के लक्ष्य के साथ कोर्ट में उतरे स्पेन के स्टार खिलाड़ी राफेल नडाल ने सोमवार को इंग्लैंड के युवा होनहार जैक ड्रिपर को पहली लड़ाई में रोमांचक शिकस्त दी।

शीर्ष वरीय नडाल ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले अपने पहले मुकाबले में ड्रिपर को 7-5, 2-6, 6-4, 6-1 से हराया। नडाल ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरूष एकल का खिताब 13 सालों के लंबे अंतराल के बाद हासिल किया था। उन्होंने यह खिताब उम्र में अपने से दस साल छोटे रूस के दानिल मेदवेदेव को हरा कर हासिल किया था। आज के मुकाबले में हालांकि नडाल को युवा जोश से लबरेज ड्रिपर ने तगड़ी चुनौती पेश की। पहले सेट में स्पेन के दिग्गज को कठिन चुनौती पेश करने के बाद ड्रिपर ने दूसरा सेट 2-6 से अपने नाम कर लिया।

हालांकि बाद के दो सेटों में नडाल ने इंग्लिश खिलाड़ी को अपने अनुभव से परिचित कराते हुए मुकाबला अपने नाम किया। नडाल को उनके पिछले सात में से छह मुकाबलों में हार मिली थी, जिसके बाद 36 वर्षीय खिलाड़ी आलोचकों के निशाने पर आ गये थे। अब तक 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी नडाल ने इस जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन में न सिर्फ दमदार उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि अपने आलोचकों को भी तगड़ा जवाब दिया।

पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण हार्दिक वेल्स के खिलाफ मुकाबले से लगभग बाहर

भुवनेश्वर, 16 जनवरी। भारत के अटैकिंग मिडफील्डर हार्दिक सिंह पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण वेल्स के खिलाफ एफआईएच हॉकी विश्व कप के टीम के आखिरी ग्रुप मैच से बाहर हो गए हैं। टीम के लिए टूर्नामेंट में सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने वालों में से एक 24 वर्षीय हार्दिक ने स्पेन के खिलाफ भारत की 2-0 की जीत में एक गोल किया और फिर रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के दौरान कई मौके बनाए। राउरकेला में इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान हार्दिक को चोट लगी थी। मेजबान टीम गुरुवार को यहां वेल्स से खेलेगी। हालांकि उनकी स्थिति पर आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कि वैकल्पिक खिलाड़ी पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है और यह संभावना नहीं है कि टीम भविष्य में ऐसी मांग करेगी। हार्दिक का एमआरआई और अन्य स्कैन किए गए तथा यह भी पता चला है कि टीम प्रबंधन उसे वेल्स के विरुद्ध खिलाने के खिलाफ है क्योंकि ऐसी स्थिति में चोट बढ़ने की आशंका है। रविवार को जब खेल खत्म होने में महज तीन मिनट बचे थे तब हार्दिक लंगड़ा कर मैदान से बाहर चले गए थे। मैच के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा था कि यह उतना गंभीर नहीं है जितना शुरू में संदेह था।

चोट का समय मुश्किल था, मगर अभ्यास नहीं छोड़ा : सिंधु

नयी दिल्ली,16 जनवरी। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने सोमवार को कहा कि चोट के कारण उनका जो समय कोर्ट से दूर गुज़रा वह मुश्किल था, लेकिन उन्होंने इसके बावजूद अभ्यास करना नहीं छोड़ा। अगस्त 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में सिंधु की बाईं एड़ी फ्रैक्चर हो गयी थी। उन्होंने चोट के बावजूद फाइनल खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता, हालांकि इसके बाद वह करीब पांच महीने तक कोर्ट से दूर रहीं। सिंधु ने इंडिया ओपन 2023 से पूर्व यूनीवार्ता से कहा, मेरी चोट एड़ी में थी, बाकी शरीर ठीक तरह काम कर रहा था, तो मैं खड़े होकर स्ट्रोक्स का अभ्यास करती थी। उसके बाद काफी समय बच रहा था तो उसे मैंने परिवार के साथ बिताया।

उन्होंने कहा, ज़ाहिर है कि कुछ दिन घर में रही थी। मुझे हेयरलाइन फ्रैक्चर हुआ था, जिसमें काफी दर्द हो रहा था। डॉक्टर ने मुझे कुछ दिन आराम करने के लिये कहा। थोड़े दिन बाद मैं खड़ी हो पा रही थी, सो मैंने खड़े होकर स्ट्रोक्स अभ्यास करना शुरू किये क्योंकि मैं पैर को ज्यादा हिला नहीं सकती थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने इस साल के पहले टूर्नामेंट मलेशिया ओपन 2023 के जरिये कोर्ट पर वापसी की, हालांकि उन्हें पहले ही चरण में चिर-प्रतिद्वंदी स्पेन की कैरोलिना मारिन के हाथों 12-21, 21-10, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं चोट के बाद इस बात से खुश थी कि मैं अपना श्रेष्ठतम खेल दिखा सकी। वह मुकाबला तीन गेम तक चला, इसलिये मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट थी, क्योंकि चोट से लौटकर खेलना आसान नहीं होता।

विश्व कप मैचों में मेरा और पाठक का वैकल्पिक इस्तेमाल अच्छी रणनीति : श्रीजेश

राउरकेला, 16 जनवरी। अनुभवी पीआर श्रीजेश का मानना है कि उनके साथी भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक का मौजूदा हॉकी विश्व कप मैचों में वैकल्पिक क्वार्टर में उनकी जगह लेना कोच की अच्छी रणनीति है।

मुख्य कोच ग्राहम रीड ने स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए पूल डी के दो मैच में वैकल्पिक क्वार्टर में श्रीजेश और पाठक का इस्तेमाल किया। श्रीजेश ने पहले और तीसरे क्वार्टर में भारतीय गोल संभाला जबकि पाठक ने मैच के दूसरे और चौथे क्वार्टर में ऐसा ही किया। श्रीजेश ने कहा, "हम विश्व कप के अगले चरणों के लिए एक साथ तैयारी करना चाहते थे। अगर कभी भी दो गोलकीपर में से किसी एक को कुछ होता है तो दूसरे को तैयार रहना होगा इसलिए यह एक अच्छी रणनीति है।"

इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, "हम क्वार्टर में अदला-बदली कर रहे हैं। उन्हें अनुभव मिल रहा है जबकि मेरे पास पर्याप्त अनुभव है। यह भविष्य के लिए अच्छी बात है।" भारत और इंग्लैंड दोनों ने मौके बनाए लेकिन गोल नहीं कर सके। इंग्लैंड को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले और एक को भी गोल में नहीं बदला जा सका। भारत भी चार पेनल्टी कॉर्नर में से किसी पर भी गोल नहीं कर सका।

श्रीजेश ने कहा, "कहीं न कहीं, हमें इस पर गौर करने की जरूरत है कि हम क्या कर सकते हैं, हम पेनल्टी कॉर्नर या अन्य गोल स्कोरिंग अवसरों में क्या बदलाव कर सकते हैं। हमें इंग्लैंड के मैच से सीखना चाहिए और अगले मैच के लिए तैयार रहना चाहिए।" उन्होंने कहा, "वेल्स एक बहुत अच्छी टीम है, उन्होंने स्पेन को अच्छी टक्कर दी। हम उनके खेल का विश्लेषण करेंगे और उसी के अनुसार योजना बनाएंगे।"

ऑस्ट्रेलिया ने अर्जेंटीना से ड्रॉ खेला

भुवनेश्वर,16 जनवरी। तीन बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-ए मुकाबले में अर्जेंटीना के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में थॉमस डोनेल (18वां), मैको कसेलो (32वां) और मार्टिन फरेरो (48वां) ने अर्जेंटीना के लिये गोल किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (नौवां), डेनियल बील (29वां) और ब्लेक गोवर्स (57वां) ने ऑस्ट्रेलिया के गोल दागे। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में फरेरो के गोल से अर्जेंटीना ने सभी को हैरान करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त बना ली थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने हार नहीं मानी और अंततः गोवर्स के गोल से मुकाबला ड्रॉ पर खत्म करवाने में सफल रही। विश्व कप की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की सबसे सफल टीम अर्जेंटीना के बीच इस मुकाबले में शुरू से ही कांटे की टक्कर देखने को मिली। अर्जेंटीना को पांचवें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका वह फायदा नहीं उठा सका, जबकि जेरेमी ने नौवें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया के लिये गोल में तब्दील किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होते ही अर्जेंटीना ने एक और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिसपर थॉमस गोल करने में सफल रहे और स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। फरेरो मार्टिन को 27वें मिनट में ग्रीन कार्ड देखकर दो मिनट के लिये पिच से बाहर जाना पड़ा और ऑस्ट्रेलिया ने इसका फायदा उठाते हुए हाफ टाइम से ठीक एक मिनट पहले गोल कर दिया। अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को ज्यादा देर तक टिकने नहीं दिया और ब्रेक के बाद दूसरे मिनट में ही मैको ने फील्ड गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-एक पेनल्टी कॉर्नर व्यर्थ किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया आखिरी क्वार्टर में मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नरों का लाभ भी नहीं ले सका। फरेरो ने आखिरकार 48वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई अर्द्ध तक दौड़ लगाते हुए गेंद को नेट में दाग दिया। तीन बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 2-3 से पिछड़ चुकी थी और हार की कगार पर थी, लेकिन चैंपियन टीम ने आखिरी सीटी बजने तक हार न मानने वाला जज़्बा दिखाया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम मिनटों में गोलकीपर को हटाकर फॉरवर्ड पंक्ति में एक अतिरिक्त खिलाड़ी को तैनात किया। उन्हें इसका फल भी मिला और गोवर्स ने मैच खत्म होने से सिर्फ तीन मिनट पहले फ्री हिट अर्जित करके गेंद को गोली की तरह नेट के ऊपरी हिस्से में दे मारा। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः 3-3 का ड्रॉ खेलकर अर्जेंटीना से अंक बांटे। पूल-ए की तालिका में क्रमशः पहले और दूसरे पायदान पर विराजमान ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के पास चार-चार अंक हैं और दोनों ही सीधे क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की दावेदार हैं।

पंत ने दुर्घटना के बाद पहली बार किया ट्वीट

मुंबई, 16 जनवरी। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचने के बाद पहली बार ट्वीट करते हुए सोमवार को कहा कि उनके घुटने की सर्जरी सफल रही है और अब वह ठीक हो रहे हैं। पंत ने ट्वीट किया, मैं सभी के समर्थन और शुभकामनाओं के लिये विनम्र और आभारी हूं। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सर्जरी सफल रही। ठीक होना शुरू हो गया हूं और मैं आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं। पंत ने इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), सचिव जय शाह और प्रशासन की मदद के लिये उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने अपने चाहने वालों को संबोधित करते हुए कहा, अपने दिल की गहराई से, मैं अपने सभी प्रशंसकों, टीम के साथियों, डॉक्टरों और फिजियो को भी उनके शब्दों और प्रोत्साहन के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं। आप सभी को मैदान पर देखने के लिए उत्सुक हूं। गौरतलब है कि पंत 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से रुड़की अपने घर जाते हुए सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे। इस दुर्घटना में उनकी जान बच गयी, हालांकि उनके घुटने की तीनों लिगामेंट (मांस को हड्डी से जोड़ने वाली मांसपेशी) फट गयी थीं। दुर्घटना के बाद उन्हें कुछ दिनों के लिये देहरादून के मैक्स अस्पताल में रखा गया, जिसके बाद बीसीसीआई उन्हें एयरलिफ्ट करके मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल ले आयी। यहां डॉ दिनशॉ पारदीवाला की निगरानी में उनके घुटने की सर्जरी हुई और अब वह ठीक होने के रास्ते पर हैं।

मलेशिया ने वापसी कर चिली को पस्त किया

राउरकेला, 16 जनवरी। मलेशिया ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं।

बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले के पहले हाफ में राज़ी रहीम (26वां मिनट) ने मलेशिया के लिए एकलौता गोल किया, जबकि जुआन अमोरोसो (20वां मिनट) और मार्टिन रॉड्रिगेज़ (29वां मिनट) ने गोल जमाकर चिली को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। मलेशिया ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए अशरफ हमसानी (41वां) और नूरस्याफिक सुमंत्री (42वां मिनट) के गोलों की बदौलत मुकाबला 3-2 से जीत लिया। मलेशिया दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ पूल-सी में तीसरे स्थान पर आ गया है और उसकी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार हैं। चिली अपने दोनों शुरुआती मुकाबले हारने के कारण क्वार्टरफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत तलाश रही दोनों टीमों ने आक्रामक शुरुआत की, हालांकि चिली ने पहले क्वार्टर में अधिक मौके बनाये। फिरहान अशरी ने मलेशिया के लिये सबसे पहला प्रयास किया जो गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। कुछ देर बाद मलेशिया के फॉरवर्ड खिलाड़ी ने चिली के गोलकीपर एड्रियान हेनरिकेज़ को छकाया, लेकिन उनके पीछे खड़े विसेंट गोनी ने गेंद को नेट में नहीं पहुंचने दिया। चिली को पहला क्वार्टर समाप्त होने से पूर्व एक पेनल्टी मिली जिसपर फ्रांको बेकेरा मलेशियाई रक्षण को नहीं भेद सके। अगले ही मिनट में रैमुंडो वैलेंज़ुएला के पास गोल जमाने का अवसर था मगर उनका निशाना चूक गया। वैलेंज़ुएला अपनी गलती पर सिर पकड़ बैठे और पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में अमोरोसो ने गोल जमाकर चिली को आखिरकार बढ़त दिला दी। चिली को इस क्वार्टर में मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसपर अमोरोसो ने गेंद को मलेशियाई गोलकीपर की बाईं ओर से निकालकर स्कोर 1-0 कर दिया। राज़ी रहीम ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर किया, लेकिन रॉड्रिगेज़ ने तीन मिनट बाद फील्ड गोल दागकर चिली को फिर से बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। मलेशिया 40वें मिनट तक कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर बर्बाद कर चुका था। उनके पास चिली के डिफेंस को भेदने का एकमात्र तरीका फील्ड गोल था, जो उन्हें 41वें मिनट में हमसानी ने दिया। मलेशिया के अर्द्ध में खड़े हमसानी ने हवा में आती हुई गेंद को क्रिकेट की तरह 'स्कूप' कर दिया जिसे गोलकीपर एड्रियान हेनरिकेज़ नहीं रोक सके। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद मलेशिया के खेल में आक्रामकता आ गयी और अगले ही मिनट में सुमंत्री ने गोल करके उन्हें बढ़त दिला दी। चिली ने मैच खत्म होने से सात मिनट पहले एक बार फिर गेंद को नेट में पहुंचाया, हालांकि मलेशिया के रेफरल के बाद उस गोल को रद्द कर दिया गया और एशिया देश ने अपनी पहली जीत हासिल कर ली।

कानराड, वाल्टर बने दक्षिण अफ्रीका के नये कोच

जोहान्सबर्ग, 16 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट टीम के लिये शुकरी कानराड और सीमित ओवर क्रिकेट के लिये रॉब वाल्टर को अपना नया मुख्य कोच नामित किया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। दक्षिण अफ्रीका के वॉल्टर ने इससे पहले राष्ट्रीय टीम के साथ कंडीशनिंग विशेषज्ञ के रूप में काम किया है। पिछले सात साल वह न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में कोचिंग से जुड़े रहे। कानराड भी दक्षिण अफ्रीका के घरेलू क्रिकेट में सक्रिय रहे हैं और हाल ही में वह अंडर-19 टीम के प्रभारी थे।

वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका को सिर्फ तीन और टेस्ट खेलने है जिसके चलते कानराड के नये कार्यकाल की शुरूआत हल्के फुल्के ढंग से होगी। दक्षिण अफ्रीका 28 फरवरी को वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

दोनों कोच एक फरवरी से अपनी भूमिका निभायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक हनोक नक्वे ने कहा कि वाल्टर का नेतृत्व बहुत मजबूत है और उन्हे पता है कि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाया जाये। 2027 में 50 ओवरों के क्रिकेट विश्व कप में सफलता की नींव रखना महत्वपूर्ण था, जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे मिल कर कर रहे हैं। 2027 विश्व कप जीतना जरूरी है और हमें वहां सफल होने के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका के सभी प्रारूपों के कोच मार्क बाउचर ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गये टी20 विश्व कप में टीम की हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। बाउचर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे। गौरतलब है कि पूर्व आलराउंडर लांस क्लूजनर ने भी दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिये आवेदन किया था मगर अंतिम समय में उन्होने अपनी अर्जी वापस ले ली थी।

शेफाली के तूफान के आगे यूएई पस्त, भारत 122 रन से जीता

बेनोनी 16 जनवरी। कप्तान शेफाली वर्मा (78) और श्वेता शेरावत (74 नाबाद) के बीच 111 रन की शतकीय साझीदारी के बाद किफायती गेंदबाजी की बदौलत भारत ने टी-20 अंडर-19 महिला विश्वकप में ग्रुप डी के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को कम अनुभवी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ 122 रन के विशाल अंतर से जीत हासिल की।

विलोमूरे पार्क मैदान पर भारतीय लड़कियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 219 रन बनाये जिसके जवाब में यूएई की टीम 20 ओवर के खेल में पांच विकेट पर 97 रन ही बना सकी। पूर्व भारतीय खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का महिला संस्करण कही जाने वाली शेफाली ने अपनी ख्याति के अनुरूप महज 34 गेंदों में 229.41 के स्ट्राइक रेट से 78 रन ठोक दिये। उनकी संक्षिप्त पारी में 12 चौके और चार छक्के शामिल थे। शेफाली का तूफान शांत होने के बाद भी श्वेता ने दूसरे छोर पर यूएई की गेंदबाजों की पिटाई जारी रखी, मगर उनको आउट करने का अस्त्र पारी के अंत तक यूएई की टीम के पास मौजूद नहीं था। श्वेता ने 49 गेंदों मे से 10 को सीमा रेखा के पार पहुंचाया।

बैडमिंटन के सितारे इंडिया ओपन में चमक बिखेरने को तैयार

नयी दिल्ली, 16 जनवरी। बैडमिंटन की दुनिया के दिग्गज खिलाडी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन के 11वें संस्करण में अपनी चमक बिखेरेंगे।

के डी जाधव इंडोर हॉल में आठ लाख 50 हजार अमेरिकी डालर इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता डेनमार्क के विक्टर एलेक्सेन और चीन की चेन युफेई के अलावा मौजूदा महिला एकल विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची समेत 22 देशों के 242 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

चीन ने 22 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिये 15 पुरुष और 15 महिला खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेजा है जबकि जापानी दल में 29 खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ हेमंत बिस्वा शर्मा ने कहा, योनेक्स सनराइज इंडिया का अपग्रेडेशन सुपर 750 श्रेणी के लिए है। कोरोना प्रतिबंध के कारण यह अब तक नहीं हो सका था, मगर इस साल बैडमिंटन प्रेमियों को उच्च गुणवत्ता वाले बैडमिंटन का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। हम इसे और बड़ा बनाने के लिए पूरी मेहनत की है।

बीडब्ल्यूएफ उपाध्यक्ष, पैन एम, विष्णु टोलन ने कहा, योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2023 को सुपर 750 का दर्जा हासिल है। भारत के खिलाड़ियों ने हाल ही में कोर्ट पर उम्दा प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि इस हफ्ते घरेलू प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ियों के प्रदर्शन का पूरा मजा ले सकेंगे। हम भारत में बैडमिंटन के लिए जो अद्भुत क्षमता देखते हैं, उसका यह एक मजबूत प्रमाण है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की अगुआई में 19 सदस्यीय दल पर मेजबान भारत की उम्मीद टिकी होगी। थॉमस कप विजेता टीम की अगुआई विश्व में आठवें नंबर के एचएस प्रणय, मौजूदा चैम्पियन और विश्व के दसवें नंबर के लक्ष्य सेन और विश्व चैंपियनशिप में विश्व में 13वें नंबर के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत होंगे। साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी कोर्ट पर धमाल मचायेगी।

सिंधु ने कहा, इंडिया ओपन सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है, पिछली बार हमें बंद दरवाजों के पीछे खेलना पड़ा था, लेकिन इस बार इंडिया ओपन पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होने जा रहा है और हम सभी इसे और भी खास बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

प्रसाद ने 'मांकडिंग' से जुड़ी टिप्पणी के लिए मार्क वॉ पर निशाना साधा

नयी दिल्ली, 16 जनवरी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर मार्क वॉ पर यह कहने पर कटाक्ष किया कि टीमें विकेट हासिल करने के लिए 'मांकडिंग' का इस्तेमाल 'जानबूझकर' कर रही हैं। प्रसाद ने कहा कि गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंकने से पहले आगे निकलने वाले बल्लेबाज को वैध तरीके से आउट करना 'सबसे बदतर' चीज है।

महिला अंडर-19 विश्व कप के दौरान गेंदबाजी छोर पर खड़ी रवांडा की बल्लेबाज को गेंद फेंकने से पहले काफी आगे निकलने पर पाकिस्तान की तेज गेंदबाज जैब-उन-निसा के रन आउट करने के वीडियो पर टिप्पणी करते हुए वॉ ने ट्वीट किया, "सबसे बदतर चीज, ऐसा लगता है कि टीमें विकेट हासिल करने के लिए सोच-समझकर नियोजित तरीके से इसका इस्तेमाल कर रही हैं।"